सार-समाचार

जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित का भव्य अभिनंदन

मेड़ता सिटी (निसं)। मेड़ता सिटी के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित प्रेस क्लब कार्यालय में मेड़ता प्रेस क्लब की ओर से जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में , पुलिस उप अधीक्षक रामकरण मलिंडा,तहसीलदार रामसिंह गुर्जर, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रामरतन चौधरी तथा यातायात निरीक्षक रोहित सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेड़ता सिटी प्रेस क्लब द्वारा जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित के सेवानिवृत्ति से पूर्व अवसर पर माला एवं साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट कलाकार एस.पी. पेंटर ने अपने हाथों से बनाया गया जिला कलेक्टर का स्केच भी भेंट किया, जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक वीरेंद्र वर्मा, संरक्षक पुखराज टाक एवं संरक्षक संदीप बोहरा ने जिला कलेक्टर के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव आमजन से सीधा संवाद बनाए रखा और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

ब्यावर(निसं)। 18 जनवरी 2026 से शुरू होकर यह अभियान 8 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य समाज को एकजुट करना और पञ्च परिवर्तन करना है । समाज में बदलाव लाने के द्रष्टिकोण से 5 मुख्य लक्ष्य – सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी, नागरिक कत्तर्व्य जैसे विषय को लेकर देश भर में कार्यकर्ता मजबूती के साथ कार्य कर रहे है । इन सम्मेलनों के माध्यम से संघ अपनी पहुँच समाज के हर वर्ग, बस्ती और मण्डल तक बना रहा है।

केंद्रीय मंत्री चौधरी ने नए भाजपा अध्यक्ष नितिन से मुलाकात कर दी शुभकामनाएं

■ भागीरथ चौधरी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा

अजमेर, (निसं)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचकर पार्टी के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी का राष्ट्रसेवा, सुशासन और संगठनात्मक मजबूती का संकल्प और अधिक सशक्त होगा।

नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने की प्रक्रिया में राजस्थान भाजपा की ओर से गठित प्रस्तावक मंडल में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी भी सदस्य रहे। इससे पूर्व नितिन नवीन पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में संगठनात्मक दायित्व निभा रहे थे, जिन्हें अब पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि नितिन नवीन का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता और समर्पण पार्टी को आगामी चुनौतियों के लिए और अधिक सशक्त बनाएगा तथा भाजपा का जनाधार देशभर में और व्यापक होगा।

मिट्टी ढहने से पाइप लाइन में फंसा युवक

सरवाड़,(निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा बीसलपुर से अजमेर तक बिछाई जा रही जलापूर्ति पाइप लाइन क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है वहीं निर्माण कार्य में लापरवाही के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है वहीं जिम्मेदार ठेकेदार कुंभकरण निंदा में सोया हुआ है वही फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है वहीं मंगलवार को जंगपुरा निवासी राधेश्याम धाकड़ अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने खेत पर जा रहा था इस बीच सूरजपुर चौराहे के पास अचानक मिट्टी ढहने से राधेश्याम धाकड़ दस फीट पाइप में जा गिरा वहीं ऊपर से भारी मात्रा में युवक के ऊपर मिट्टी जा गिरी जिससे युवक पूरी तरह से घायल हो गया वहीं सूचना मिलते ही जंगपुरा व आस पास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए।

हजरत बाबा बादाम शाह के सालाना उर्स की चादर आज होगी पेश

■ इस बार उर्स की चादर सुबह 11.00 बजे से पेश की जाएगी

अजमेर,(निसं)। हजरत बाबा बादाम शाह उवैसी कलंदर के सालाना उर्स की चादर बुधवार, 21 जनवरी 26 को आस्ताना सोमलपुर शाही अजमेर में सुबह 11बजे पेश की जाएगी। गुरु मुनेंद्र दत्त मिश्रा ने जानकारी दी कि शीत लहर को देखते हुए हज़रत बाबा बादाम शाह उवैसी रह के सालाना उर्स के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार 20 जनवरी 2026 से शुरू हुए उर्स में मंगलवार को सायं 7.00 बजे से मिलाद शरीफ हुई और सायं 8.30 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन रहा। बुधवार 21 जनवरी 2026 को सुबह 7 बजे से गुसल की रस्म होगी। इस बार उर्स की चादर सुबह 11.00 बजे से पेश की जाएगी। दूर-दराज से आए सैंकड़ों अकीदतमंद महिलाओं और पुरुषों के द्वारा जुलूस के रूप में चादर पेश करेंगे। अकीदतमंद इस दौरान बाबा बादाम शाह की शान में कलाम पेश करते हुए कव्वालों के साथ पूरे शान से आस्ताना सोमलपुर शाही पर पहुंचेंगे। दोपहर 1 बजे से भोजन व महफ़िल होगी। शाम को रंग व सलाम के साथ उर्स का समापन हो जाएगा। व्यवस्थापक एवं उवैसिया रूहानी सत्संग आश्रम के अध्यक्ष गुरुदत्त मिश्रा एवं प्रभु दत्त मिश्रा ने सभी सत्संगियों को उर्स के सभी आयोजनों में शिरकत करने का आग्रह किया है।

प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन

अजमेर,(निसं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में एंटरप्रेन्योरशिप, स्किल डेवलपमेंट, करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया।

प्लेसमेंट ड्राइव में जज़रक कंपनी, मरीना वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड तथा तोषनीवाल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (एम.जी. तोषनीवाल ग्रुप) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्किल डेवलपमेंट एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक गिरिष रायसिंघानी द्वारा किया गया। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभिन्न कंपनियों से पधारे प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इसके पश्चात प्राचार्य मनोज कुमार बहरवाल ने प्रेरक उद्बोधन देते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को कौशल विकास, नवाचार, आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

जज़रक कंपनी की ओर से साक्षी सिंह, एलेक्स एवं दिव्यांश सैनी, मरीना वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड की ओर से वंदना गुलाटी तथा तोषनीवाल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कनिष्का देवरथ और किरण जैन उपस्थित रहे।

कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन का उद्देश्य केवल आय अर्जन नहीं, बल्कि समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालना भी होना चाहिए। उन्होंने कम समय में प्रभावी प्रस्तुति, नए करियर विकल्पों और इंटर्नशिप अवसरों को अपनाने पर जोर दिया।

नसीराबाद में ज्ञान प्रतियोगिता

नसीराबाद,(निसं)। नसीराबाद शहर में पहली बार 'नसीराबाद मेगा क्विज' नामक ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन राहुल कुमार वर्मा एवं मनोज कुमार द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता को ँ ँ्ँ्दह द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि इसके मीडिया पार्टनर एक्टिव न्यूज राजस्थान हैं। आयोजकों के अनुसार यह प्रतियोगिता 'एक पहचान अपने शहर को जानने की' उद्देश्य के साथ आयोजित की जा रही है। आयोजक राहुल कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए खुली रहेगी और इसमें किसी प्रकार की आयु सीमा लागू नहीं की गई है। प्रतियोगिता में पूछे जाने वाले प्रश्न नसीराबाद शहर के इतिहास, संस्कृति, सामाजिक जीवन एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन बहुविकल्पीय प्रारूप में किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे।

झरनेश्वर महादेव मन्दिर में सिन्धी मण्डल के तत्वावधान में महाआरती का आयोजन

■ पूज्य झरनेश्वर महादेव मन्दिर में पूज्य झूलेलाल साहिब के चण्ड उत्सव पर भण्डारे का आयोजन किया

अजमेर, (कासं)। पूज्य झरनेश्वर महादेव सिन्धी मण्डल के तत्वावधान में मंगलवार को पूज्य श्री झूलेलाल साहिब के चण्ड उत्सव के अवसर पर और अमर शहीद हेमू कालानी की शहादत दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर आम भण्डारे लंगर प्रसादी का पूज्य श्री झरनेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में आयोजन किया गया।

पूज्य झरनेश्वर महादेव सिन्धी मण्डल के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि झरनेश्वर महादेव मन्दिर में मंगलवार को अध्यक्ष नारी भाई देवानी और उपाध्यक्ष शंकर छत्तानी के कर कमलो से पवित्र ज्योति प्रज्जवलित करके महाआरती पूजन किया गया और प्रसादी का भोग लगाया गया।लालवानी ने बताया कि दोपहर में पूजन करके महाआरती, अखो-आरती, पंजडा, छेज, प्रसादी भोग,पल्लव प्रार्थना और लंगर प्रसादी भण्डारे का आयोजन किया गया। झरनेश्वर महादेव मन्दिर में पूज्य झूलेलाल साहिब के बहिराणे की सवारी की मण्डली के भगतों गायक मण्डली के माध्यम से उनकी मण्डली के द्वारा भजनो का गायको के द्वारा झरनेश्वर मन्दिर में भजनो की प्रस्तुति और सत्संग प्रवचनो का आयोजन किया गया। उन्होने झरनेश्वर महादेव और पूज्य झूलेलाल साहिब की महिमा में अनेक भजनो की प्रस्तुति दी।पण्डित महावीर प्रसाद शर्मा और उपाध्यक्ष शंकर छत्तानी के माध्यम से मन्दिर परिसर में स्थापित समस्त देवी देवताओ की मूर्तियो का दीप प्रज्जवलित करके पूजन करने के पश्चात प्रसाद भोजन प्रसादी का भोग लगाकर मन्दिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओ को भोजन प्रसादी का वितरण बैठाकर खिलाने से किया गया। सेवादारी दल के नारी भाई देवानी, उपाध्यक्ष शंकर छत्तानी, महेश वरलानी,दौलतराम खुशलानी, चन्द्र लखानी, नरेश रतनानी, भगवान हरवानी, रमेश लालवानी, बच्चू हरवानी, सौरभ जेठवानी, थांवरदास नवलानी सहित अन्य द्वारा सेवाऐं प्रदान की गई।

NAME CHANGE

I,RAMFER YADAV is real Father of No,15806543W,L/NK NK GORAKHNATH YADAV,501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Jaunpur (UP) 221161,have changed my name from RAMFER YADAV to RAMFER NANHAKU YADAV in my son's army service records.aff-CA 493779.date-19 JAN 2026. Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

My real name is Bhavesh Fulwani, but in my passport number UI 939365 lists my name as Bhawesh Fulwani, which is incorrect. Please enter my correct name in my passport, and I will be known by this name in the future. Sindhi Mohalla Nasirabad

हिंदू सम्मेलन की तैयारियों ने पकड़ी गति

रूपनगढ़,(निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रूपनगढ़ नगर में एक फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि शोभायात्रा को विशेष आकर्षक रूप देने के लिए महिला कलश यात्रा और पुरुषों की भगवा पताका रैली का आयोजन किया जाएगा। जुलूस की अग्र पंक्ति में छह युवतियां विशेष पारंपरिक पोशाक में सुसज्जित घोड़ियों पर सवार होकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगी, जिससे कार्यक्रम को भव्य और गरिमामय स्वरूप प्रदान किया जा सके कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए नगर की विभिन्न बस्तियों और मोहल्लों में उत्साही कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

मसूदा में जन जागरण अभियान चलाया

मसूदा,(निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मसूदा द्वारा मंगलवार को ग्राम खीमपुरा में मनरेगा को लेकर जन जागरण अभियान चलाया इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सलीम बाबू ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, यह गरीब की कानूनी गारंटी है मनरेगा को कमज़ोर कर भाजपा सरकार देश के लाखों गाँव और करोड़ों मजदूरों के अधिकार पर सीधा हमला है। एवं भाजपा सरकार द्वारा धीरे-धीरे मनरेगा को खत्म करने की योजना बना रही है जिसे कांग्रेस पार्टी मजबूती से मनरेगा श्रमिकों के साथ खड़ी है एवं भाजपा के मनसूबे सफल नहीं होने देगी इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता आनंद काठात, राजू काठात, हजारीलाल सेन, कचरू काठात, गफूर काठात आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पंचम किश्त का जिला स्तरीय कार्यक्रम तबीजी में

■ इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अजमेर जिले में जिला स्तर पर किया जाएगा

अजमेर, (निसं)। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पंचम किश्त का राज्य स्तरीय राशि हस्तांतरण कार्यक्रम गुरुवार 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे अरविंद पैवेलियन स्टेडियम, सिरोही में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अजमेर जिले में जिला स्तर पर किया जाएगा।

जिला कलेक्टर लोक बंधु ने बताया कि अजमेर जिले का जिला स्तरीय कार्यक्रम राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, तबीजी में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में पंचम किश्त की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर वंदना खोरवाल को नोडल अधिकारी तथा सहकारी समितियां उप रजिस्ट्रार राजीव कजोत एवं केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक हरिश सिवासिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

भव्य शोभायात्रा निकली

सरवाड़(निसं)। सरवाड़ शहर में श्री यादें माता जन्म जयंती महोत्सव के उपलक्ष में प्रजापति समाज की और से श्री यादें माता जन्म जयंती पर मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई वहीं यह शोभायात्रा भीमेश्वर महादेव मंदिर परिसर से बैंड बाजों के साथ रवाना होकर बस स्टैंड सदर बाजार से श्री रघुनाथ मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक- न.पा.बि./निर्माण स्वी./2025/5745 आम सूचना दिनांक:19-01-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
186	पुखराज जैन पुत्र मोहनलाल जैन	कमलानगर बरल द्वितीय ख.सं. 985 भू.सं. 21	116.125 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

NAME CHANGE

I,SABITA PRADHAN is real Mother of No.23004726X,L/NK DEEPAK KUMAR PRADHAN of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Ganjam, Odisha,761144,have changed my name from SABITA PRADHAN to CHHABITA PRADHAN,in my son's army service records.aff-CA 493780.date-19 JAN 2026.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक- न.पा.बि./निर्माण स्वी./2025/5742 आम सूचना दिनांक:19-01-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
187	सत्यनारायण पुरोहित पुत्र रामकरण पुरोहित	अहिंसा विहार ख.सं. 54/1/4 व 57/1/4 भू.सं. 01	215.52 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/643 आपत्ति सूचना दिनांक-20/01/2026

श्रीमती सुमन मोतीरामानी पत्नी श्री भरत मोतीरामानी निवासी 24 यूआईटी कॉलोनी डीजे गार्डन अजय नगर अजमेर द्वारा एक भूखण्ड संख्या 7 जो एएमसी नं. 104/9 का एक भाग है जो वाके हाथीभाटा महात्मा गांधी मार्ग कचहरी रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 12.69 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है-

पूर्व- उक्त एएमसी नं. 107/9 में स्थित भाग सं. 06 व 04 पश्चिम- उक्त एएमसी नं. 104/9 में स्थित भाग संख्या 08
उत्तर- 6 फीट चौड़ी पैसेज दक्षिण- हाथीभाटा गली

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/645 आपत्ति सूचना दिनांक-20/01/2026

श्री सुभेर डिया पुत्र श्री राजकुमार डिया निवासी 3 चिश्ती विला श्रीनगर रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति एएमसी नं. 1/78 पुराना 282/5 नया नत गोदाम के पास गंज अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 82.83 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है-

पूर्व- रास्ता आम पश्चिम- रास्ता आम गली
उत्तर- श्री गंगा सहाय खण्डेलवाल की जायदाद दक्षिण- रास्ता आम

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/646 आपत्ति सूचना दिनांक-20/01/2026

श्रीमती हेमा लछवानी पत्नी श्री देवीदास लछवानी निवासी बी-64 फॉयसागर रोड कीर्ति नगर बोराज काजीपुरा अजमेर द्वारा एक सम्पतित एएमसी नं. 19/654 पुराना अंकित है जो वाके शास्त्री कॉलोनी पुष्कर रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 171.97 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है-

पूर्व- जायदाद श्री तमोलिया एवं भण्डारी की पश्चिम- रोड 12 फुट चौड़ा
उत्तर- मुख्य पुष्कर रोड दक्षिण- जायदाद श्री ओमप्रकाश सोनी की है

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संदृक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या बी-569 क्षेत्रफल 90 वर्ग मीटर के आवंटी/अन्तरिति स्व. श्री रामचन्द्र तिलकानी पुत्र स्व. श्री झम्मूमल तिलकानी, निवासी ए-233, महाराणा प्रताप नगर, कोटडा, अजमेर की मृत्यु दिनांक 10/9/2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश: 1. श्रीमती चन्द्रा देवी तिलकानी पत्नि स्व. श्री रामचन्द्र तिलकानी 2. श्री हर्ष तिलकानी पुत्र स्वं. श्री रामचन्द्र तिलकानी 3. कुमारी सोनिया तिलकानी पुत्री स्व. श्री रामचन्द्र तिलकानी, निवासीगण बी-569, महाराणा प्रताप नगर,कोटड़ा, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामांतरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी। - योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक- न.पा.बि./निर्माण स्वी./2025/5748 आम सूचना दिनांक:19-01-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
188	हेमलता शर्मा पत्नि शिवनारायण शर्मा	चैतन्य विहार बिजयनगर ख.सं. 239,243, 361, 364,369 से 371 भू.सं. 06 का पूर्वी हिस्सा	74.78 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2026/6027 आम सूचना दिनांक: 15/01/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में सावंतसर के खसरा 944/702 का भूखण्ड का रकबा 4000.00 वर्गमीटर औद्योगिक प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित मे आपत्तियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री नोरतमल जाट पुत्र श्री हरदीन जाट निवासी कालीडूंगरी किशनगढ़ जिला अजमेर	सावंतसर खसरा 944/702 4000.00 वर्गमीटर	औद्योगिक प्रयोजनार्थ पट्टा चाहनें हेतु

-आयुक्त,नगर परिषद, किशनगढ़।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्री सानिध्य गर्ग पुत्र पवन गर्ग ग्राम माकड़वाली, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 464, में प्लाट नंबर 19 क्षेत्रफल 200.0 वर्ग गज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

- (उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

मेरा पुत्र रमेश चौधरी (नाबालिग/अविवाहित) पुत्र रामलाल जाति जाट निवासी महावीर कॉलोनी सावंतसर, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 2 अप्रैल 2016 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थिया लाली देवी पत्नी रामलाल

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी साझेदारी फर्म मैसर्स ज्वाला एन्टरप्राईजेज जिसका जीएसटी क्रमांक सं. 08AAHFJ7928H1ZZ जिसका पता 3509, सूतरखाना मौहल्ला, नसीराबाद जिला अजमेर (राज.) 305601 है। जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक RF/AJM/2022/3575 DATED 11.10.2022 है। जिसका ACK Number E/ACK/2025/993 दिनांक 27.06.2025 है। जिसमें दो साझेदार 1. किरण कुमार बैरवा पुत्र स्व. श्री दूलीचंद बैरवा, 2. श्री दीपकराज बैरवा पुत्र स्व. श्री दूलीचन्द बैरवा थे। जिसमें से एक साझेदार दीपकराज बैरवा की मृत्यु दिनांक 14.03.2025 को हो गई है, जिस कारण हमारी फर्म का विघटन कर दिया गया है इसमें किसी आम आदमी व वितीय संस्थान बैंक या संस्थान को किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय अजमेर में सूचित करें। अन्यथा बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। - किरण कुमार, फर्म साझेदार

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2030 जाहिर आम सूचना दिनांक-16.01.26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-झ-21, आनासागर सरक्यूलर रोड, अजमेर क्षेत्रफल 60.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री भावन दास टिलवानी पुत्र श्री गोधूमल को आंवटित कर दिनांक 15.01.1980 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री भावन दास टिलवानी पुत्र श्री गोधूमल द्वारा दिनांक 20.08.1999 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। श्री भावन दास टिलवानी की मृत्यु दिनांक 09.08.2013 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री सुरेश कुमार टिलवानी पुत्र स्व. श्री भावन दास टिलवानी के पक्ष में मण्डल द्वारा दिनांक 05.01.2023 को मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री सुरेश कुमार टिलवानी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती मुस्कान लालवानी पत्नि श्री अनिल लालवानी को दिनांक 15.06.2023 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 11.11.2024 को श्रीमती मुस्कान लालवानी पत्नि श्री अनिल लालवानी के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती मुस्कान लालवानी पत्नि श्री अनिल लालवानी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती उषा रानी चित्रा पत्नि श्री अनिल चित्रा को दिनांक 11.10.2024 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2267 में पृष्ठ संख्या 97 क्रम संख्